सं.ए-33025/01/2017-एड.I

**भारत सरकार**

**वित्त मंत्रालय**

**व्यय विभाग**

नॉर्थ ब्लॉक,

नई दिल्ली 23, फरवरी, 2017

विषयः व्यय विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम।

****

पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम के पूर्वस्नातकों/स्नातकोत्तर अध्ययनरत स्नातकों या शोधरत परास्नातकों के लिए व्यय विभाग के प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य और दिशानिर्देश/मुख्य विशेषताएं इस प्रकार हैं:

| | |
|---|---|
| उद्देश्य | ❖ क्रमशः पांच वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत, स्नातकोत्तर अध्ययनरत और शोधरत इच्छुक एवं योग्य पूर्वस्नातकों, स्नातकों और परास्नातकों को सरकार की आर्थिक नीतियों के निरूपण की समग्र प्रक्रिया से परिचित कराना।<br>❖ यह प्रशिक्षण व्यय विभाग में न तो कोई नौकरी है और न ही किसी नौकरी का आश्वासन। |
| पात्रता | राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति के विश्विद्यालयों/संस्थानों से अर्थशास्त्र/वित्त/प्रबंधन में स्नातकोत्तर शोध पाठ्यक्रमों और विधि/किसी अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम में 5 वर्षीय एकीकृत पाठ्यक्रम के चौथे और पांचवे वर्ष में अध्ययनरत भारतीय राष्ट्रिक प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं बशर्ते कि -<br>(क) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्र के पास प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि हो;<br>(ख) अर्थशास्त्र/वित्त/प्रबंधन पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत शोध छात्रों ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में न्यूनतम 50% अंक प्राप्त किए हों; और<br>(ग) 5 वर्षीय एकीकृत विधि पाठ्यक्रम के चौथे और पांचवे वर्ष के छात्रों ने अपनी 12वीं कक्षा की परीक्षा में न्यूनतम 80% अंक प्राप्त किए हों। |
| अवधि | प्रशिक्षण की अवधि वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान अलग-अलग समय पर दो से छह माह होगी। |
| टोकन पारिश्रमिक | प्रशिक्षण संतोषजनक ढंग से पूरा करने पर और अपनी रिपोर्ट/शोध पत्र प्रस्तुत करने पर प्रति प्रशिक्षु 10,000/- रुपए प्रति माह की दर से टोकन पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा। |
| गोपनीयता की घोषणा | प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के लिए रिपोर्ट करने से पहले विभाग को गोपनीयता की घोषणा देनी होगी। |
| संचालन सहायता | प्रशिक्षुओं को आवश्यक संचालन सहायता अर्थात् कार्यालय स्थल और इन्टरनेट सुविधा के साथ कंप्यूटर प्रदान किया जाएगा। |

| | |
|---|---|
| नियोजन | प्रशिक्षुओं को उनके द्वारा व्यक्त रूचि के क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए और प्रभाग की प्राथमिकता के अनुसार उन्हें व्यय विभाग के विभिन्न प्रभागों में उप सचिव/निदेशक स्तर के किसी एक अधिकारी के साथ लगाया जाएगा। |
| शोध-पत्र का प्रस्तुत किया जाना | प्रशिक्षण के अंत में, प्रशिक्षुओं को आबंटित विषय पर एक रिपोर्ट/शोध-पत्र उस प्रभाग के प्रमुख को प्रस्तुत करना होगा। इसके साथ-साथ उन्हें कार्यक्रम के अपने अनुभव के बारे में और संबंधित निदेशक/संयुक्त सचिव द्वारा मॉनीटिरंग और पर्यवेक्षण के संबंध में अपनी अनिवार्य प्रतिपुष्टि संबंधित प्रभाग के प्रमुख को देनी होगी। |
| प्रशिक्षण प्रमाण पत्र | अपना प्रशिक्षण संतोषजनक रूप से पूरा करने पर और अपनी रिपोर्ट/शोध-पत्र प्रस्तुत करने पर तथा संबंधित प्रभाग में उप सचिव/निदेशक स्तर के अधिकारी द्वारा उसके मूल्यांकन के पश्चात् प्रशिक्षुओं को प्रमाण-पत्र जारी किए जाएंगे। |
| आवेदन कैसे करें | इच्छुक और योग्य छात्र अप्रैल और मई, 2017 माह के लिए अपने आवेदन, संलग्न प्रपत्र में अपने शैक्षिक अभिलेख एवं कार्य अनुभव के साथ उप सचिव (प्रशासन), व्यय विभाग, कमरा सं. 76, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को 15 मार्च, 2017 तक भेज दें। इसके बाद, उस माह जिसमें वे ज्वाइन करना चाहते हैं, से पहले माह की पहली तारीख तक आवेदन भेजे जा सकते हैं। |
| चयन | चयन समिति द्वारा सभी आवेदनों की जांच की जाएगी। स्थानों की उपलब्धता, संबंधित प्रभाग की सहमति और चयन समिति के अनुमोदन के आधार पर चुने गए प्रशिक्षुओं को प्रस्ताव भेजे जाएंगे। विभाग किसी भी समय 5 से अधिक प्रशिक्षुओं को समायोजित नहीं करेगा। |

2. कार्यक्रम का विवरण वित्त मंत्रालय की वेबसाइट (https://www.finmin.nic.in/) पर उपलब्ध है। इच्छुक और योग्य छात्रों से अनुरोध है कि वे संलग्न प्रपत्र में अपने आवेदन 'अनुभाग अधिकारी (प्रशा.I), व्यय विभाग, कमरा सं. 264-बी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली' को भेज दें।

सु. बिस्वास

**(एस. के. बिस्वास)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**फोन: 23095695**

सेवा में

वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एनआईसी, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को यह स्कीम वित्त मंत्रालय की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

**प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन पत्र**

**व्यय विभाग**

**कृपया फोटो चिपकाएं**

**प्रायोजक संस्था का फोन नं.:**

**जीवन वृत्त**

**पूरा नाम(श्रीमती/सुश्री/श्री):**

| प्रथम नाम | मध्य नाम | कुल नाम |
|---|---|---|
| | | |

**जन्म तिथि: (दिन/माह/वर्ष)** **01.04.2016**

**पत्र-व्यवहार के लिए पूरा डाक पता (ई-मेल पते के साथ):**

ई-मेल :

**फोन नं.:**

**निवास** **मोबाइल**

**शैक्षिक योग्यता:**

| परीक्षा | विश्वविद्यालय/संस्थान | उत्तीर्ण करने का वर्ष | % अंक | विषय (कला/वाणिज्य/विज्ञान/तकनीकी आदि) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(अतिरिक्त शीट लगाएं, यदि आवश्यक हो)**

**अतिरिक्त योग्यता (सीए/आईसीडब्ल्यूए/कंप्यूटर आदि):**

**विशेषज्ञता/रुचि का विषय**

| |
|---|
| |

**पाठ्यक्रमेतर कार्यकलाप**

| |
|---|
| |

**प्रोजेक्ट्स जिन पर काम किया**

| |
|---|
| |

**प्रोजेक्ट वरीयता:** (**कृपया ध्यान रहे कि आपकी पसंद का प्रोजेक्ट दे पाना हमेशा संभव नहीं होता**).

| |
|---|
| |

**प्रशिक्षण के लिए सुविधाजनक अवधि/समय:** (**कृपया माह का उल्लेख करें**)

| |
|---|
| |

**आवेदकों को अधिकतम 500 शब्दों में हस्तलिखित और विधिवत हस्ताक्षरित एक विवरण भी प्रस्तुत करना होगा कि यह कार्यक्रम उनके लिए किस तरह उपयोगी होगा और उनके कैरियर को आगे बढ़ाने में किस प्रकार सहायक होगा।**

मैं प्रमाणित करता हूं कि मेरे द्वारा प्रदान की गई उपर्युक्त सूचना मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सही है। मैं यह भी स्वीकार करता हूं कि कोई मिथ्या सूचना देने और/या जालसाजी की स्थिति में मेरा प्रशिक्षण बगैर किसी सूचना के और किसी अन्य प्रशासनिक/विधिक कार्यवाही जिसे व्यय विभाग शुरू करने के लिए उपयुक्त समझे, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बगैर समाप्त कर दिया जाएगा।

स्थान:

तारीख:

हस्ताक्षर:

नाम:

**संस्थान/विश्वविद्यालय द्वारा उपर्युक्त विवरण का अधिप्रमाणन**

प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती/सुश्री/श्री ________________________ द्वारा उपर्युक्त आवेदन फार्म में दी गई सूचना हमारी जानकारी के अनुसार सही है।

**सिफारिश, यदि कोई हो।**

**(प्राधिकृत अधिकारी के हस्ताक्षर और मुहर)**